दिनांकः 18.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा–जीएसटी 2.0 सुधारों से त्यौहारी सीजन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किसानों के सम्मान को सबसे बड़ा सम्मान बताया–करीब 72 लाख किसानों के खातों में 718 करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के जरिये हस्तान्तरित की।
- अंता उपचुनाव के लिये भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने नामांकन भरा–अब तक 12 उम्मीदवारों के 17 पर्चे दाखिल।
- धनतेरस के साथ प्रकाश पर्व दीपावली का शुभारंभ–बाजारों में जमकर खरीददारी–मन्दिरों में दीपदान।

**000**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी 2.0 सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहारी सीज़न के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। वे आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ जीएसटी बचत उत्सव पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुँच रहा है।

--------------------

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले नवरात्रि त्योहार की तुलना में इस वर्ष नवरात्रि सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

--------------------

जीएसटी बचत उत्सव पर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नवरात्रि के दौरान वाहनों की बिक्री में उछाल आया है और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र ने भी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

----------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों के सम्मान को सबसे बड़ा सम्मान बताया है। आज भरतपुर के नदबई में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसान विकसित होगा तो देश और प्रदेश स्वतः ही विकसित हो जाएगा। श्री शर्मा ने प्रदेश के करीब 72 लाख किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किस्त के रूप में 718 करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के जरिये हस्तान्तरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसान को मजबूत करने के साथ ही नवाचार को भी बढ़ावा दे रही है।

----------------

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए धन धान्य योजना शुरू की है जिसमें प्रदेश के आठ जिलों को जोड़ा गया है । उन्होंने कहा कि किसानों की उपज बढ़ाने के साथ–साथ उपज का मूल्य बढ़ाने के लिए भी सरकार छोटी–छोटी फसलों को भी उचित मूल्य दिलाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले नदबई में 55 करोड रुपए की लागत से बनने वाले जिला स्तरीय अस्पताल का भी शिलान्यास किया । इस मौके पर सहकारिता मंत्री गौतम दक, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित कई विधायक और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे । बाद में मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लिया । प्रदेश के सभी जिले भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। पाली में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि किसान और गरीब के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। बाड़मेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम भगवान महावीर टाऊन हॉल में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने लाभार्थी किसानों से संवाद भी किया। उधर डीग जिले के किसानों को 10 करोड़ 39 लाख 39 हजार राशि की सौगात मिली है। सवाईमाधोपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इस दौरान राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण सभी ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान और आमजन ने भाग लिया।

000

जयपुर जिले में ग्राम पंचायतवार किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी किसान रजिस्ट्री शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जयपुर जिले में अब तक आयोजित शिविरों में 2 लाख 76 हजार से ज्यादा किसानों को 11 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या उपलब्ध करवाई जा चुकी है। जिसके बाद जयपुर प्रदेश में सबसे ज्यादा किसान आईडी जारी करने वाला जिला बन गया है। वहीं, जयपुर जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कुल लाभार्थियों में से अब 79 फीसदी से ज्यादा लाभार्थियों का किसान रजिस्ट्री शिविरों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।

000

बारां ज़िले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने आज अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव के सामने पेश किया। इस दौरान उनके साथ सांसद दुष्यंत सिंह, विधायक राधेश्याम बैरवा, ललित मीणा, पूर्व विधायक नरेंद्र नागर और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 12 लोगों ने 17 नामांकन दाखिल कर दिए हैं। नामांकन प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 अक्टूबर है। 23 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 27 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान 11 नवम्बर को जबकि मतगणना 14 नवम्बर को होगी। इस बीच निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि उपचुनाव के दिन सभी कर्मचारी, जिनमें दैनिक और अस्थायी कर्मचारी भी शामिल हैं सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। आयोग ने बताया कि जो मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर काम कर रहे हैं, लेकिन मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, उन्हें भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा।

000

आज धनतेरस के साथ प्रकाश पर्व दीपावली का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सोने–चांदी के सिक्के, जेवर, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, सजावटी चीजें और वाहनों की खरीददारी के लिये बाजारों में भारी भीड़ है। उधर सवाईमाधोपुर में आज धनतेरस पर बाजारों में जमकर खरीददारी हुई। साथ ही शाम को दीप प्रज्जवल और दीपदान के साथ ही दीपावली की परम्परागत रूप से शुरूआत हो गई है। लोग मन्दिरों में दीप ज़लाने के लिये पहुंच रहे हैं। सरहदी जिले जैसलमेर में लक्ष्मीनाथ मन्दिर और सोनार दुर्ग स्थित मन्दिर में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं उदयपुर में महालक्ष्मी मन्दिर और जगदीश मन्दिर सहित विभिन्न मन्दिरों को सजाया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु दीपदान के लिए उमड़ रहे हैं।

-------------------

दीपोत्सव पर प्रदेशभर में आकर्षक सजावट की गई है। मन्दिरों, बाजारों, चौराहों और प्रमुख इमारतों तथा स्मारकों को रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। आज धनवन्तरी जयंती भी मनाई जा रही है। इस मौके पर आयुर्वेद औषधालयों में भगवान धनवन्तरी की पूजा–अर्चना की गई। पाली में बांगड अस्पताल परिसर में धनवन्तरी पूजन के साथ संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। दीपोत्सव की श्रृंखला में कल रूप चतुर्दशी मनाई जाएगी। इसे नरक चतुर्दशी और छोटी दीवाली भी कहा जाता है।

000

भीलवाड़ा जिले में आदिवासी कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुआ है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने इसके लिए भीलवाड़ा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया है। यह सम्मान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दिया गया है। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। जिला कलेक्टर संधू के नेतृत्व में जिले ने आदिवासी समुदायों के विकास और सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण शामिल हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव, विभु नायर ने कहा, "भीलवाड़ा जिले का यह सम्मान आदिवासी कल्याण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का प्रतीक है। भीलवाड़ा कलेक्टर ने कहा कि यह सम्मान जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

000

भरतपुर जिले में आज दो सड़क हादसों में 5 लोगों की मृत्यु हो गई। ज़िले के नदबई में जनूथर मार्ग पर एक तेज़ रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल पर जा रहे एक दम्पति और उनके दो बच्चों को कुचल दिया जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उधर रुदावल कस्बे में मोटरसाईकिल सवार महिला पत्थरों से भरे ट्रेलर की चपेट में आ गई। इसकी मौके पर ही मौत हो गई।

000